उद्योगों के साथ व्यापार-व्यवसाय को भी बढ़ावा दे रही सरकार : मुख्यमंत्री



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास के साथ व्यापार-व्यवसाय को भी गति देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

हमारा लक्ष्य नए उद्योग स्थापित करने के साथ व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार करना और रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना है। मुख्यमंत्री बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के नवनियुक्त पदाधिकारियों, मध्यप्रदेश इकाई की नई कार्यकारिणी और 55 जिलों के अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 'समृद्ध व्यापारी-समृद्ध मध्यप्रदेश' के संकल्प की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैट प्रदेश के 22 लाख व्यापारियों और सरकार के बीच सेतु का काम करेगा। प्रदेश के 55 जिलों के बाजारों की मिट्टी लेकर निकाली जा रही समृद्धि कलश यात्रा इस पहल का प्रतीक है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक सभी का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स, जीएसटी, स्टार्टअप और आधुनिक तकनीक से व्यापार के नए अवसर खुले हैं। मध्यप्रदेश में 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। सरकार लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को भी प्रोत्साहित कर रही है।

कैट के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कल्याण बोर्ड बनाया है। उन्होंने नए व्यापारियों के मार्गदर्शन के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया। समारोह में कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन सहित पदाधिकारी और विभिन्न जिलों से आए व्यापारी उपस्थित रहे।

वन विहार के छह भालुओं को एक वर्ष के लिए गोद लेगा वन विकास निगम

नप्र, भोपालः मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम वन्यजीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के छह भालुओं को एक वर्ष के लिए गोद लेगा। गुरुवार 19 नवंबर को सुबह 11 बजे वन विहार में निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए छह लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। वन विकास निगम द्वारा यह पहल निगमित सामाजिक दायित्व निधि के अंतर्गत की जा रही है। बेहतर देखभाल, आहार और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं में सहयोग करना है। इससे वन्यजीव संरक्षण को प्रोत्साहन मिलने के साथ समाज में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित होगी। कार्यक्रम में निगम के उपाध्यक्ष राम मोहन सिंह बघेल, प्रबंध संचालक मनोज कुमार, उप महाप्रबंधक संजय कुमार जैन तथा वन विकास निगम और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

राज्यों के स्थापना दिवस समारोह राष्ट्रीय एकता को नई ऊर्जा देते हैं : पटेल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस समारोह भारत की सांस्कृतिक विविधता, राष्ट्रीय एकता और साझा विकास यात्रा को नई पहचान देते हैं। ऐसे आयोजन राष्ट्रप्रेम और संवैधानिक भावना को मजबूत करने के साथ राष्ट्रीय एकता को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

वे बुधवार को लोकभवन में उत्तराखण्ड और झारखण्ड के संयुक्त स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की हिमालयी संस्कृति, चारधाम, गंगा-यमुना, पर्यटन, योग और लोक परंपराएं देश की पहचान हैं। वहीं झारखण्ड की प्राकृतिक संपदा, खनिज संसाधन, जनजातीय विरासत और भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू तथा तिलका मांझी जैसे जननायकों का योगदान गौरवशाली है। समारोह में उत्तराखण्ड और झारखण्ड के राज्यपालों के वीडियो संदेश तथा दोनों राज्यों के परिचय पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। दोनों राज्यों की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राज्यपाल ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुमाऊं, गढ़वाली और झारखण्ड समाज के प्रतिनिधियों सहित लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

27 से भोपाल में होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत मानसरोवर कथा



भोपाल। मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की स्मृति में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक मानसरोवर डेंटल कॉलेज परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत मानसरोवर कथा आयोजित होगी।

सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन का शुभारंभ 27 नवंबर को दोपहर एक बजे कलश यात्रा से होगा। प्रतिदिन शाम चार से सात बजे तक कथा होगी।

इसमें ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा और रुक्मणी विवाह के प्रसंग होंगे। 3 दिसंबर को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक कथा विश्राम तथा इसके बाद भंडारा होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 28 नवंबर को पद्मश्री अनूप जलोटा और 1 दिसंबर को वृंदावन का माधवाज रॉक बैंड प्रस्तुति देगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

भारत ने लगातार तीसरी बार जीती एसएएफएफ चैंपियनशिप

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसएएफएफ चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय फुटबॉल टीम को बधाई दी। फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हाईकोर्ट की ऑनलाइन सुनवाई में बिस्तर पर लेटे मिले अधिकारी, सरकार ने किया निलंबित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ऑनलाइन सुनवाई के दौरान अदालत की गरिमा के विपरीत आचरण करने के मामले में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग (टीएनसीपी) के संयुक्त संचालक अमित कुमार गजभिये को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। 27 अक्टूबर को जबलपुर हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई सुनवाई के दौरान वे हाफ पैंट पहनकर बिस्तर पर लेटे हुए दिखाई दिए थे। इस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया था।

सुनवाई के दौरान कैमरे पर दिखे थे इस हालत में : यह मामला 27 अक्टूबर को न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकलपीठ के सामने हुई सुनवाई का है। एक अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान अमित गजभिये कैमरे पर बिस्तर पर लेटे नजर आए। उन्होंने हाफ पैंट पहनी हुई थी और सुनवाई के दौरान शर्ट के बटन बंद करते भी दिखाई दिए। हाईकोर्ट ने उनके इस आचरण को न्यायालय की गरिमा और शिष्टाचार के विपरीत माना था।

अदालत ने अधिकारी को नोटिस जारी कर पूछा था कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। उन्हें चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही राज्य सरकार को उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा गया था।

जमीन के रिकॉर्ड में गड़बड़ी से जुड़ा था मामला

पूरा मामला जबलपुर की मेसर्स जीएसबी कंस्ट्रक्शन की अवमानना याचिका से जुड़ा है। कंपनी का कहना था कि मास्टर प्लान में उसकी जमीन का उपयोग आवासीय दर्ज है, जबकि टीएनसीपी के विभागीय रिकॉर्ड और नक्शे में इसे औद्योगिक बताया गया है। कंपनी ने रिकॉर्ड में सुधार के लिए विभाग में आवेदन दिया था, लेकिन लंबे समय तक कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले में 3 अक्टूबर 2025 को टीएनसीपी जबलपुर के संयुक्त संचालक ने भोपाल स्थित संचालनालय के संयुक्त संचालक (आईटी) को रिकॉर्ड की त्रुटि सुधारने की अनुशंसा भेजी थी। इसके बावजूद मामला लंबित रहा। हाईकोर्ट ने 9 अक्टूबर को अमित गजभिये को अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने के लिए कहा गया था।

30 नवंबर को अगली सुनवाई

हाईकोर्ट ने कंपनी को भूमि उपयोग संबंधी रिकॉर्ड में सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। विभाग को सात दिन के भीतर आवेदन अपलोड कराने और स्वीकार कराने में सहयोग करना होगा। इसके बाद चार सप्ताह में आवेदन पर निर्णय लेना होगा। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर 2026 को निर्धारित है। अधिकारी के निलंबन के बाद अब विभागीय कार्रवाई और अदालत में पेश किए जाने वाले जवाब पर नजर रहेगी।

मानव-सर्प संघर्ष रोकने और सर्प संरक्षण के लिए वन विभाग की पहल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानव-सर्प संघर्ष की घटनाओं पर रोक लगाने, नागरिकों की सुरक्षा और सर्प संरक्षण के उद्देश्य से वन विभाग व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक रेस्क्यू व्यवस्था विकसित कर रहा है। इसके तहत 'शिवा' (स्नेक ह्यूमन इंटरफेस विजिलेंस अवेयरनेस एंड एक्शन) मोबाइल एप तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिक सर्प दिखाई देने पर संबंधित स्थान से सूचना भेज सकेंगे।

वन विभाग द्वारा वन भवन में 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सर्प रेस्क्यू प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित रेस्क्यूअर्स का नेटवर्क तैयार करना और सर्पों के सुरक्षित रेस्क्यू, परिवहन तथा प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापन की प्रक्रिया को मानकीकृत करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन सहित वरिष्ठ वन अधिकारियों ने किया। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न वनमंडलों के होमगार्ड, एसडीआरएफ प्रतिनिधियों और नागरिकों सहित 43 प्रतिभागी शामिल हैं। इन्हें सर्पों की पहचान, विषैले और विषहीन सर्पों में अंतर, सुरक्षित रेस्क्यू तकनीक और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है।



कवि डॉ. सुनील जोगी ने डॉ. मिश्रा से की सौजन्य भेंट

भोपाल। पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार डॉ. सुनील जोगी ने बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच साहित्य और समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। 120 से अधिक पुस्तकों के लेखक डॉ. सुनील जोगी ने इस अवसर पर धर्म और आस्था पर केंद्रित उज्जैन के सिंहस्थ कुंभ पर लिखी अपनी पुस्तक डॉ. नरोत्तम मिश्रा को भेंट की।

ईको लॉजिकल पार्क खुलवाने 24 को आंदोलन, रहवासी करेंगे प्रदर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के बाग मुगालिया स्थित ईको लॉजिकल पार्क को दोबारा खुलवाने के लिए रहवासी 24 नवंबर को प्रदर्शन करेंगे। तेंदुए की मौजूदगी की आशंका के चलते वन विभाग ने पार्क में लोगों के घूमने पर रोक लगा दी है। इससे सुबह और शाम टहलने आने वाले सैकड़ों लोगों को परेशानी हो रही है।

बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि 24 नवंबर को सुबह 6:30 बजे 'ईको लॉजिकल पार्क चलो, पार्क खुलवाओ' आंदोलन किया जाएगा। इसमें रहवासी एकत्रित होकर अपनी मांग जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। तिवारी के अनुसार, वन विभाग पिछले कई दिनों से पार्क में तेंदुए की तलाश कर रहा है। इसके लिए सर्चिंग के साथ ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन अब तक तेंदुआ दिखाई नहीं दिया है और न ही कैमरे में उसकी मौजूदगी दर्ज हुई है। ऐसे में पार्क को खोलने की मांग की जा रही है। रहवासियों का कहना है कि पार्क के सुरक्षित हिस्से में सुबह और शाम घूमने की अनुमति दी जाए। वन विभाग सुरक्षा के जरूरी इंतजाम करे, ताकि लोगों को नियमित सैर की सुविधा मिल सके।

पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का सशक्त माध्यम : सबनानी

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सीटीओ स्थित भगवान अयप्पा स्वामी मंदिर में मंडल-मकरविलक्कु पर्व का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। अयप्पा सेवा समिति द्वारा आयोजित महोत्सव के पहले दिन विधायक भगवानदास सबनानी ने भगवान अयप्पा की पूजा-अर्चना कर महाआरती की।

इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि मंडल-मकरविलक्कु पर्व धार्मिक एकता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पर्व के शुभारंभ पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। भक्तिमय वातावरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाआरती में शामिल होकर भगवान अयप्पा के दर्शन किए। अयप्पा सेवा समिति के सचिव सुनील भास्कर ने बताया कि महोत्सव के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्व का समापन 14 जनवरी को विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा।



दूषित पानी में ई-कोलाई मिलने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः भोपाल में दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने संभागायुक्त और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने वैशाली नगर में दूषित पानी की आपूर्ति और पानी के नमूनों में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने की रिपोर्ट पर चिंता जताई। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पार्षदों ने कहा कि शहर में इंदौर के भागीरथपुरा जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल में पार्षद गुड्डू चौहान, प्रवीण सक्सेना और अशोक मारण शामिल थे।

पूज्य सिंधी पंचायत का दीपावली मिलन और साधारण सभा आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः पूज्य सिंधी पंचायत की दीपावली मिलन और साधारण सभा की बैठक 19 नवंबर को शाम 6 बजे नवयुवक सभा स्कूल भवन में आयोजित होगी। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, संरक्षक हीरो ज्ञानचंदानी, महासचिव राजकुमार वाधवानी, मुख्य सलाहकार नरेश तोलानी, फैसला बोर्ड संयोजक नंदकुमार दादलानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, सहसचिव किशोर साधवानी, माधव पारदासानी, कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी, ने सभी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

41 साल बाद भी याद किए जा रहे प्रेमचंद तेजवानी, पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः समाजसेवी एवं बर्तन कारोबारी प्रेमचंद तेजवानी की 41वीं पुण्यतिथि झूलेलाल मंदिर सभागार में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वे लंबे समय तक राजावीर विक्रमादित्य मंदिर ट्रस्ट और यथाशक्ति विश्रामघाट सेवा समिति के अध्यक्ष रहे। साथ ही झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी थे।

कार्यक्रम में भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद गोयल ने कहा कि 41 साल बाद भी किसी समाजसेवी को इतने बड़े स्तर पर याद किया जाना उनकी महान शख्सियत को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि तेजवानी ने अपने जीवनकाल में समाजहित के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए थे।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को राशन वितरित करना और गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करना परमार्थ के बड़े कार्य हैं। यह क्षेत्र आर्थिक संपन्नता के साथ समाजसेवा में भी आगे है।

कार्यक्रम के आयोजक एवं स्वर्गीय तेजवानी के पुत्र किशोर तेजवानी ने अपने पिता के जीवन और सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। उपस्थित अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रतापराय तेजवानी, भगवान तेजवानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारन, सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, नवयुवक सभा अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष सुरेश जसवानी सहित अनेक समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भोपाल में निगम ने हटाए अतिक्रमण

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कई स्थानों पर कार्रवाई कर अस्थायी छप्पर, अवैध चबूतरे, फुटपाथ पर लगी दुकानें और दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया। इस दौरान 14 ठेले, एक गुमठी, तीन पन्नी, तीन तिरपाल, तीन नेट, पांच टेबल, दो पलंग, चार कुर्सियां, एक पान पार्लर, छह गद्दे, एक तराजू, पांच तकिये और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर बोट क्लब, वल्लभ भवन, जवाहर चौक, कोलार, बंजारी, अशोका गार्डन, जहांगीराबाद, हमीदिया रोड, करोंद चौराहा और अयोध्या नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। रोहित नगर में दो अस्थायी छप्पर हटाए गए, जबकि चांदबड़-सेमरा में सड़क पर बने अस्थायी ब्रेकर को तोड़ा गया।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : निगम आयुक्त



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि सीएम हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने सभी विभागों और शाखाओं से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें। यदि शिकायत संबंधित विभाग से जुड़ी नहीं है, तो संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उसका निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर आयुक्त अभिषेक सराफ, वरुण अवस्थी, अमन मिश्रा और अभिषेक सिंह, उपायुक्त भुवन गुप्ता, दिनेश सिंह, हीरेन्द्र सिंह कुशवाह और चंचलेश गिरहारे, अधीक्षण यंत्री आर.आर. जरोलिया सहित सभी विभागाध्यक्ष और निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/3183/2023
संजय सिंह राजपूत बनाम प्रमोद यादव
NEXT DATE :23-11-2026
प्रेषिती, बिर्जेश राठौर मानसिंह राठौर पता-निवासी 10 पूजा कालोनी, साहू जी का किराये का मकान, थाना निशातपुरा, जिला भोपाल, म.प्र.। मो.नं. 7440642190
यह कि प्रार्थी संजय सिंह राजपूत ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/ 3183/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
श्रीमती ज्योति राजपूत, न्यायाधीश
सप्तम मोटर दुघ.दावा अधिकरण मैक ट्रिब्यूनल भोपाल (म.प्र.)
4063

जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड भोपाल (म. प्र.) के शाखा प्रबंधक महोदय के द्वारा उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजा के आधार पर श्रीमति रेखा चौधरी पत्नी श्री शंकरलाल द्वारा एक किता भूखण्ड क्रमांक 03, कुल एरिया 1554 वर्गफिट जो कि खसरा न. 323/122/1 का भाग स्थित वार्ड क्रमांक 68, ग्राम नरेला शंकरी प.ह.न. 20, तह. हुजुर, जिला भोपाल (म. प्र.) पर स्थित है, इस सम्पति को क्रय करने हेतु एक अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया गया हैं। कि विक्रेता पक्ष श्रीमती सीमा यादव पत्नी श्री रविशंकर यादव। उक्त संपति को सीमा यादव द्वारा रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा नीलामी के तहत सेल सर्टिफिकेट के माध्यम से दिनांक 18/03/2025 ई. पंजीयन क्रमांक MP059712025A1184246 पर पंजीबद्ध हैं। उक्त संपति पर श्रीमती रेखा चौधरी पत्नी श्री शंकरलाल द्वारा स्वीकृत लोन हेतु लोन स्वीकृति गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा प्रदान की जा चुकी है, एवं उक्त संपति बंधक रखी जा रही। उक्त सम्पति का किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियो, या नामांतरण, क्रय-विक्रय सम्बन्धी अन्य उत्तराधिकारियो का किसी भी प्रकार से कोई हित हो तो, या किसी संस्था संस्थाओ, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, बैंक या वित्तीय संस्थान या संस्था, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, विभाग, बैंक या, सोसायटी या अन्य किसी भी कार्यालय, या अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित हो या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो लिखित दस्तावेज आगामी 07 दिवस में मेरे कार्यालय या मोबाईल न. पर संपर्क कर प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य रहेगी।
ANAMIKA NATH, ADVOCATE
OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.)402022 Mob.9039026897
4062